उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्,
संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं प्रशिक्षण अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ, अपर आमवाला देहरादून
वेबसाईट– www.ubter.in , www.ubtersn.in

चिकित्सा विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्टाफ नर्स के पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना

सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी पत्र संख्या 414(1)/XXVIII-2-2021-21/2021 दिनांक 21 मई 2021 के द्वारा वर्तमान में कोविड–19 संक्रमण के अत्याधिक प्रसार की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए स्टाफ नर्स भर्ती के अन्तर्गत लिखित परीक्षा को अब पूर्व निर्धारित 02 जनपदों के स्थान पर प्रदेश के समस्त जनपदों में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः दिनांक 28 मई 2021 को प्रातः 10 बजे से 1 बजे के मध्य आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को स्थगित किया जाता है।

पूर्व में अभ्यर्थियों से देहरादून एवं हल्द्वानी परीक्षा शहरों के विकल्पों के आधार पर परीक्षा के आयोजन की व्यवस्था देहरादून एवं हल्द्वानी शहरों में की गयी थी। वर्तमान में कोविड संक्रमण के प्रसार की रोकथाम एवं अभ्यर्थियों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश में समस्त जनपदों में माह जून के द्वितीय अथवा तृतीय सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि की घोषणा उत्तराखण्ड शासन से अनुमति मिलने के उपरान्त समाचार पत्रों एवं वेबसाईट के माध्यम से प्रसारित की जायेगी।

प्रत्येक जनपद में परीक्षा आयोजन हेतु अभ्यर्थियों से निम्नानुसार परीक्षा शहर के विकल्प मांगे जा रहे हैंः–

जनपद/परीक्षा शहर का नाम	कोड
Almora	**A**
Bageshwer	**B**
Champawat (Lohaghat)	**C**
Chamoli (Gauchar)	**D**
Dehradun	**E**

जनपद/परीक्षा शहर का नाम	कोड
Haridwar	**F**
Nainital (Haldwani)	**G**
Pauri (Srinagar)	**H**
Pithoragarh	**I**
Rudraprayag	**J**

जनपद/परीक्षा शहर का नाम	कोड
Tehri (New Tehri)	**K**
U S Nagar (Rudrapur)	**L**
Uttarakashi	**M**

परीक्षा शहर परिवर्तित करने के इच्छुक अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाईट www.ubtersn.in पर Login कर परीक्षा शहर के एक विकल्प का चयन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जो परीक्षा शहर के विकल्प चयन नहीं करेंगे उनके पूर्व विकल्प (देहरादून अथवा हल्द्वानी) यथावत रहेंगे। विकल्प भरने की तिथि दिनांक 23 मई 2021 से दिनांक 28 मई 2021 निर्धारित की गयी है।

विशेष नोटः– निर्धारित तिथि के भीतर ही परीक्षा शहर के विकल्प का चयन करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षा शहर अथवा परीक्षा केन्द्र बदलने हेतु आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

वि0स0 134/उप्राशिप/चि0वि0/स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा/2021–22 दिनॉकः 21 मई 2021

सचिव